### एक नजर में

## नाटक के जरिए जीवंत होगा गौरवशाली इतिहास

**गुना।** मप्र नाट्य विद्यालय, भोपाल के तत्वावधान और जिला प्रशासन के सहयोग से गुना नगर में आगामी 19 मार्च को 'विक्रम उत्सव' के अंतर्गत एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर स्थानीय मानस भवन में प्रातः 10:00 बजे से विनर सोसाइटी आर्ट एंड कल्चर, गुना द्वारा 'सम्राट विक्रमादित्य' के जीवन पर आधारित एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों को भारतीय इतिहास की महान विभूति सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य, उनकी विश्वविख्यात न्यायप्रियता, सांस्कृतिक समृद्धि और आदर्श शासन प्रणाली से रूबरू होने का अनूठा अवसर प्राप्त होगा। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल उपस्थित रहेंगे। नाटक का निर्देशन क्षेत्र के जाने-माने युवा रंगकर्मी मधुर जैन द्वारा किया जा रहा है।

### हनुमान टेकरी रोड पर कार्रवाई का मामला, महिलाएं बोलीं-हमारे शौचालय भी तोड़ दिए, अब मुआवजा दो

# अतिक्रमण के नाम पर धन्ना सेठों की राह आसान कर रहा प्रशासन

नवभारत न्यूज

**गुना 18 मार्च का। जिला प्रशासन द्वारा हनुमान टेकरी रोड के चौड़ीकरण के उद्देश्य से 12 मार्च को की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब विवादों के घेरे में आ गई है। इस कार्रवाई के विरोध में बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला प्रशासन के विरुद्ध अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा।**





रहवासियों का गंभीर आरोप है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व लिखित सूचना के पक्षपातपूर्ण तरीके से उनके उन मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जो पिछले 40 वर्षों से वहां बने हुए थे। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि टेकरी तक जाने के लिए शासकीय दस्तावेजों में पहले से ही पर्याप्त रास्ता मौजूद है, इसके बावजूद गरीबों के आशियाने उजाड़े गए। ज्ञापन सौंपने के दौरान स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि टेकरी पहुंच मार्ग के नाम पर जिला प्रशासन ने उन धनाढ्य लोगों और रसूखदारों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है, जिनके मैरिज गार्डन और व्यावसायिक संस्थान उस क्षेत्र में स्थित हैं। कार्रवाई की जद में आए अधिकांश लोग मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले हैं, जिनके मकानों के साथ-साथ शौचालय और बाथरूम तक तोड़ दिए गए हैं। आक्रोशित महिलाओं का कहना है कि प्रसाधन की सुविधा छिन जाने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और अब उन्हें पड़ोसियों के घरों का सहारा लेना पड़ रहा है। रहवासियों की मांग है कि प्रशासन स्वयं उनके शौचालयों का पुनर्निर्माण कराए, अन्यथा वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। वर्तमान स्थिति यह है कि कार्रवाई के बाद पूरा मार्ग और क्षतिग्रस्त मकान मलबे में तब्दील पड़े हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ रहे हैं।

**पीडब्लयूडी और नपा ने झाड़ा पल्ला**

लोक निर्माण विभाग और नगरपालिका दोनों ही बजट का अभाव बताकर सड़क दुरुस्त करने या नालियों के निर्माण से हाथ खड़े कर रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन के माध्यम से रहवासियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त मकानों की भरपाई और व्यवस्था सुधारने की दिशा में कदम नहीं उठाए गए, तो वे उग्र आंदोलन करते हुए चक्काजाम करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

**एक समान चौड़ाई पर भी विवाद**

टेकरी रोड पर की गई अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को लेकर तकनीकी खामियां भी सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन की टीम ने एक समान चौड़ाई का ध्यान भी नहीं रखा है। जहां जगह मिली, वहां जेसीबी चला दी गई। जिसकी वजह से उनके शौचालय और इक्का-दुक्का कमरे भी टूट गए। जबकि कई मकान सड़क से चिपके हुए हैं। उन्हें प्रशासन नहीं हटा पाया। कार्रवाई से पहले किसी तरह की जानकारी लोगों को नहीं दी गई।

**प्रशासन का तर्क**

वहीं जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए तर्क दिया था कि हनुमान टेकरी मार्ग पर हजारों श्रद्धालु रोजाना और खासकर मंगलवार, शनिवार गुजरते हैं। इस रास्ते पर बार-बार जाम की स्थिति बनती है। इसे देखते हुए अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई जरूरी बताई गई। तब तहसीलदार और सीएमओ की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। लोगों ने विरोध किया, लेकिन उसे दरकिनार कर दिया गया।



## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लघु वेतन कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

**गुना।** मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ की जिला शाखा गुना द्वारा 'क्रांति आवाहन' अभियान के अंतर्गत कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए प्रदर्शन किया गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों और सैकड़ों की संख्या में एकत्रित कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर हुंकार भरी और जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री, भारत सरकार को संबोधित एक 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। संघ ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि सरकार उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करे। इस मांग पत्र में प्रमुख रूप से 8वें वेतन आयोग के अंतर्गत ग्रुप 'डी' कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग की गई है, साथ ही पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल करने पर जोर दिया गया है। कर्मचारियों ने आउटसोर्सिंग प्रथा को पूरी तरह बंद कर रिक्त पदों पर सीधी भर्ती करने, दैनिक वेतनभोगी एवं सफाई कर्मियों का नियमितीकरण करने तथा आंगनवाड़ी, आशा एवं रसोइया कर्मियों के लिए 30 हजार रुपए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की भी पुरजोर मांग की है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अपनी एकजुटता का परिचय दिया। यदि सरकार इन न्यायोचित मांगों पर शीघ्र विचार कर कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो कर्मचारी आने वाले समय में अपनी आवाज को और बुलंद करेंगे और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## महारानी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया का भव्य स्वागत नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने लिया स्नेहपूर्ण आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

**गुना। राजमाता श्रीमंत महारानी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया के गुना नगर आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और महिलाओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने महारानी साहिबा की अगवानी करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ, शाल और श्रीफल भेंट कर उनका आदरपूर्वक वंदन एवं अभिनंदन किया।**

कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष ने महारानी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया से भेंट कर उनका स्नेहपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रीय विकास व महिला सशक्तिकरण के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। महारानी के स्वागत के इस गरिमामयी अवसर पर बड़ी संख्या में नगर की प्रबुद्ध महिलाएं और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से बबीता साहू, अनीता कुशवाह, कीर्ति सरवैया, ममता लावंशी, टीना भैसारे, रुचिका श्रीवास्तव, लता बैरागी, दीप्ति, कुसुम, सीमा, रिधिमा और ममता बंसल सहित अन्य महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उपस्थित महिलाओं ने महारानी साहिबा का गर्मजोशी से स्वागत किया, वहीं महारानी ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए आत्मीयता प्रकट की। इस दौरान नगर में उत्साह का माहौल देखा गया और कार्यकर्ताओं ने इसे एक ऊर्जादायक भेंट बताया।

## गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी अनिवार्य, कालाबाजारी पर होगी जेल

**गुना।** जिले में गैस सिलेंडरों की सुचारू आपूर्ति और उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधाओं को देखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर उनके घर पहुंचकर सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने साफ किया है कि किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को गोदाम से सीधे गैस सिलेंडर प्रदान नहीं किए जाएंगे और न ही वितरण के दौरान हॉकर द्वारा किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशि वसूली जाएगी। यदि वितरण व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही या नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिन उपभोक्ताओं ने पहले बुकिंग कराई है, उन्हें क्रम के अनुसार ही सिलेंडर वितरित किए जाएंगे। कोई समस्या आती है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित कंपनी के सेल्स ऑफिसर और खाद्य विभाग को देना अनिवार्य होगा।

## नानाखेड़ी मंडी में धनिया की बंपर आवक के बीच अव्यवस्थाओं का अंबार

**गुना।** नानाखेड़ी स्थित कृषि उपज मंडी में इन दिनों धनिया की भारी आवक हो रही है, जिसके चलते रोजाना सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मंडी पहुंच रही हैं। आवक का दबाव इतना अधिक है कि किसानों को डाक नीलामी के लिए तीन-तीन दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। इस भारी भीड़ और अव्यवस्था के बीच व्यापारियों द्वारा किसानों के साथ मनमानी करने के गंभीर मामले भी सामने आ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि मंडी प्रशासन की सुस्ती का फायदा उठाकर व्यापारी नीलामी के बाद फसल तौलते समय अचानक दाम घटा रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी धनिया की फसल का भाव नीलामी के दौरान 7800 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया था, जिसमें कचरा होने की बात पहले ही स्पष्ट कर दी गई थी। लेकिन जैसे ही ट्रॉली खाली हुई और तौल का समय आया, व्यापारी ने अचानक भाव घटाकर 7200 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। किसान का कहना है कि फसल खाली होने के बाद मजबूरी का फायदा उठाकर व्यापारी सीधे 600 रुपये प्रति क्विंटल की कटौती कर रहे हैं। इसी तरह पांचोरा के किसान वीरेंद्र धाकड़ ने मंडी की अव्यवस्थाओं पर रोष व्यक्त करते हुए बताया कि वे तीन दिनों से अपनी उपज लेकर मंडी में खड़े हैं, लेकिन अब तक उनका नंबर नहीं आया है।

## पारदी युवक का अस्पताल प्रबंधन पर सनसनीखेज आरोप



**गुना।** जिला अस्पताल प्रबंधन की एक रूह कपा देने वाली लापरवाही सामने आई है, जहाँ एक 20 वर्षीय जीवित युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक को अचानक होश आ गया और वह पोस्टमार्टम कक्ष से नग्न अवस्था में ही भाग निकला।

हड्डीमील क्षेत्र के निवासी जॉन पारदी ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि मानसिक प्रताड़ना के चलते उसने बीते 11 मार्च को जहरीले पदार्थ सल्फास का सेवन कर लिया था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे अचेत अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत मान लिया और बिना पूरी जांच किए शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। जॉन पारदी ने दावा किया है जब उसे होश आया तो वह खुद को पोस्टमार्टम रूम के भीतर नग्न अवस्था में पाकर स्तब्ध रह गया। उसे तुरंत आभास हुआ कि वह जीवित है और वहां से बिना कपड़ों के ही बाहर की ओर भागा। इस दौरान अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और कुछ समय बाद उसके परिजन भी वहां पहुंच गए। पीड़ित युवक ने आरोप लगाया है कि यदि उसे समय पर होश नहीं आता, तो शायद डॉक्टर उसका जीवित अवस्था में ही पोस्टमार्टम शुरू कर देते, जिससे उसकी जान जा सकती थी। लोग लापरवाह चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## हनुमान टेकरी मेला में तैनात होंगे 500 वालंटियर्स, तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने की समीक्षा

**गुना।** प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मेले के सफल और सुरक्षित आयोजन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्यों ने अवगत कराया कि इस एक दिवसीय मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं, जिसके लिए व्यापक प्रबंध अनिवार्य हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस बार मेले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्लास्टिक का उपयोग न्यूनतम किया जाए और सुरक्षा के लिहाज



से सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच कर कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष रणनीति बनाते हुए कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष लगभग 500 वालंटियर्स की तैनाती की जाए, जिन्हें पहचान के लिए टोपी, डंडा और सीटी उपलब्ध कराई जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों का चयन करने और पीडब्ल्यूडी व नगर पालिका को पहुंच मार्गों की तत्काल मरम्मत व गड्ढे भरने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु अतिरिक्त डीपी लगाने के लिए कहा गया है। बैठक में एक अनूठी पहल करते हुए कलेक्टर ने क्षेत्र के उन्नत गुलाब कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए मेले में 'गुलाब काउंटर' खोलने का सुझाव दिया, जिस पर सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सहमति जताई। इसी बैठक के दौरान कलेक्टर ने अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि शिवपुरी स्वास्थ्य कैंप के लिए जिले के प्रत्येक ब्लॉक से दो-दो वाहन संचालित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। साथ ही, महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता पर जोर देते हुए 13 से 14 वर्ष की बालिकाओं का अनिवार्य रूप से एचपीवी वैक्सीनेशन कराने की अपील की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सलूजा, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन और उप वनमंडलाधिकारी नीरज निश ?चल सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इसमें कलेक्टर ने हाल ही में रेलवे में सहायक लोको पायलट के पद पर चयनित हुए स्थानीय युवाओं अजय कुमार साहू और राधे मोहन धाकड़ को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रभारी सहायक संचालक बी सिसौदिया, आईटीआई प्राचार्य श्वेता कुशवाह, निरीक्षक राकेश राठौर और छात्रावास अधीक्षक मानसिंह पटेलिया ने भी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## पिता के स्थान पर विकास देवलिया बने पटवारी, मिली अनुकंपा नियुक्ति

**गुना।** जिला प्रशासन द्वारा मानवीय संवेदनाओं और सेवा नियमों को ध्यान में रखते हुए अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के पात्र आवेदक को पटवारी पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कलेक्टर कन्याल ने नव-नियुक्त कर्मचारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने शासकीय दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य पीड़ित परिवार को तत्काल संबल प्रदान करना है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। राजस्व विभाग के अंतर्गत दी गई इस नियुक्ति में स्वर्गीय रामलाल देवलिया के पुत्र विकास देवलिया को पटवारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र वितरण के इस औपचारिक कार्यक्रम के दौरान प्रभारी तहसीलदार हेमा राजपूत भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विकास देवलिया ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद प्रशासन का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा लंबित अनुकंपा प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है, ताकि शासकीय सेवकों के परिजनों को समय पर सहायता और रोजगार मिल सके।



# शक्ति से सुरक्षा की ओर : 'सृजन' कार्यक्रम का भव्य समापन

## पुलिस और मुस्कान संस्था ने संवारा पारदी समुदाय के बच्चों का भविष्य

नवभारत न्यूज

**गुना। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों पर अमल करते हुए गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व और मुस्कान संस्था भोपाल के सहयोग से संचालित 15 दिवसीय 'सृजन' किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम का आज भव्य समापन हुआ।**



धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम विश्वनगर कनेरा चक में आयोजित इस समापन समारोह ने वंचित पारदी समुदाय के बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को एक नया मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों के मन से पुलिस का भय दूर कर उन्हें कानून के प्रति जागरूक बनाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने मार्शल आर्ट, सामूहिक गान और नृत्य का शानदार प्रदर्शन कर अपनी शारीरिक और मानसिक दक्षता का परिचय दिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने कहा कि सृजन जैसे आयोजनों का मूल लक्ष्य पुलिस और जनता, विशेषकर युवाओं के बीच की दूरी को कम करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किशोरावस्था जीवन का वह महत्वपूर्ण पड़ाव है जहाँ सही मार्गदर्शन मिलने पर युवा राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बच्चों को साइबर सुरक्षा और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की सीख देते हुए पूरी लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मुस्कान संस्था की प्रतिनिधि राखी अस्वानी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान लगभग 80 किशोरों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ शिक्षा के महत्व, नशे के विरुद्ध अभियान और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए तैयार किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझने और अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करने का अवसर भी मिला, जिससे उनके भीतर सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना जाग्रत हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी 80 विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस गौरवमयी आयोजन में एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, मुस्कान संस्था से सीमा सहित पुलिस विभाग के सूबेदार मोनिका जैन, धरनावदा थाना प्रभारी प्रभात कटारे, झागर चौकी प्रभारी अनिल कदम, अशोक निदानिया, विनोद बाथम और महिला आरक्षक धन्नीबाई उपस्थित रहे। पुलिस की इस मानवीय पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गुना।** कुंभराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आवन रोड पर मंगलवार रात एक तेज रफ्तार पिकअप और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार 40 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही गंभीर स्थिति हो गई, जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रोशन लोधा 40 वर्ष पिता धुरीलाल लोधा, निवासी ग्राम खेड़ीकला के रूप में हुई है। रोशन आवन में अपने भाई से मिलने आए थे। रात करीब 8:30 बजे जब वह अपनी मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव खेड़ीकला लौट रहे थे, तभी जेपी कॉलेज के पास यह दुखद हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कोल्डड्रिंक से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से आ रही रोशन की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोशन सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## 25 मार्च को जिला स्तरीय रोजगार मेला

**गुना।** जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन में आगामी 25 मार्च 2026 को एक विशाल जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह 'युवा संगम' कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय, तहसील आरोन में प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आकांक्षी युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसरों से एक ही मंच पर लाभान्वित करना है। प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह निर्धारित दिवसों पर 'युवा संगम' का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से इस बार आरोन में यह महत्वपूर्ण आयोजन सुनिश्चित किया गया है।